लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4653
29 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्रों का निर्यात और आयात

4653. श्री जी.एम. सिद्देश्वर:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान वस्त्रों के निर्यात और आयात के मूल्य का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान भारत में अपनी विनिर्माण इकाई बंद करने वाली विदेशी कंपनियों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान इन कंपनियों में कार्यरत कामगारों की विनिर्माण इकाई-वार संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): पिछले पांच वर्षों के दौरान वस्त्र के निर्यात और आयात के मूल्य का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

(मूल्य अमरीकी मिलियन डॉलर में)

	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
हस्तशिल्प सहित भारत के वस्त्र और अपैरल (टीएंडए) का निर्यात	37,546	38,397	35,177	31,585	44,435
हस्तशिल्प सहित भारत का टीएंडए का आयात	7,318	7,550	8,262	5,873	8,193

स्रोतः डीजीसीआईएंडएस अनंतिम आंकड़े

(ख) और (ग): मंत्रालय द्वारा इस तरह की कोई सूचना नहीं रखी जाती है।

***